दिनांकः 10.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- जीएसटी काउंसिल ने कैंसर की दवाओं पर जीएसटी दर घटाकर 5 प्रतिशत करने का लिया निर्णय–जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर कर कटौती पर विचार के लिए मंत्रियों का समूह होगा गठित।
- राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के सिलसिले में दक्षिण कोरिया के सियोल में अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर मीट का आयोजन–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उद्यमियों के साथ की बैठक।
- राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आज जयपुर में सामुदायिक सम्मेलन का आयोजन।
- प्रदेश में बारिश का दौर इस सप्ताह बने रहने की संभावना।

.................

वस्तु और सेवा कर परिषद ने कैंसर की दवाओं पर जीएसटी दर 12 से घटाकर 5 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। नई दिल्ली में कल वस्तु और सेवा कर परिषद की 54वीं बैठक में यह फैसला किया गया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हुए। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि कैंसर की दवाओं पर जीएसटी दर कम करने का उद्देश्य इस रोग के उपचार में आने वाले खर्च को कम करना है। उन्होंने कहा कि नाश्ते की चुनिंदा सामग्री पर भी जीएसटी 18 फीसदी से घटाकर 12 फीसदी कर दिया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से स्थापित विश्वविद्यालयों और आयकर छूट प्राप्त विश्वविद्यालयों को शोध के लिए दी जाने वाली धनराशि पर भी जीएसटी से छूट दी गई है। वित्त मंत्री ने बताया कि परिषद ने जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर कर की दर में कटौती पर विचार करने के लिए मंत्रियों का एक समूह गठित करने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर में कमी लाने पर मंत्रियों का समूह इस वर्ष अक्टूबर के अंत तक अपनी रिपोर्ट सौंप देगा और नवंबर में होने वाली बैठक में इस पर फैसला किया जाएगा।

.................

प्रदेश में दिसम्बर महीने में होने जा रहे राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के सिलसिले में कल दक्षिण कोरिया के सियोल में अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर मीट का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में दो देशों की यात्रा पर गए उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने विभिन्न कम्पनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई अन्य निवेशकों से मुलाकात की। इस दौरान उद्यमियों ने प्रदेश की सड़कों को बेहतर बनाने के लिए एस्फॉल्ट संयंत्र लगाने में रुचि दिखाई और इस संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने कोरियाई टूरिज्म एसोशिएशन के साथ भी राज्य में पर्यटन को नई ऊंचाईयां देने के संबंध में विचार–विमर्श किया। ग्लोबल इन्वेस्टमेंट मीट से पूर्व इस पहले अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर मीट में मुख्यमंत्री ने दक्षिण कोरिया के व्यापारिक समुदाय और निवेशकों को राजस्थान में निवेश के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले 5 सालों के दौरान राज्य की अर्थव्यवस्था को मौजूदा 180 बिलियन अमेरिकी डॉलर से दोगुना करके 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर करने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों और निवेशकों को राज्य में आसान व्यापार सुविधाएं मुहैया कराने का आश्वासन दिया और कहा कि राज्य सरकार कारोबार के माहौल को और बेहतर बनाएंगी। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दक्षिण कोरिया में भारत के राजदूत अमित कुमार और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

.................

प्रदेशभर में संदिग्ध सिम और चोरी हुए मोबाइलों की धरपकड़ के लिए चल रहे ऑपरेशन एंटीवायरस के तहत दो लाख 36 हजार संदिग्ध सिम और सवा दो लाख से अधिक आईएमईआई नंबर ब्लॉक किये गये हैं। पुलिस ने मेवात क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर पांच हजार से ज्यादा चोरी और गुम हुए मोबाइल ट्रेस कर धारकों को लौटाये। एंटीवायरस ऑपरेशन के दौरान पुलिस विभाग ने दूरसंचार विभाग से समन्वय करते हुए पिछले दो महीनों के दौरान इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस महानिदेशक साइबर अपराध हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि राज्य में बढ़ रहे साइबर क्राइम को चैलेंज के रूप में लेते

हुए राजस्थान पुलिस ने मेवात क्षेत्र में जुलाई महीने से ये अभियान चलाया और दर्ज शिकायतों के आधार पर ये कार्रवाई की गई।

.................

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आज जयपुर में सामुदायिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होने वाले इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, महिला और बाल विकास विभाग की योजनाओं और उपलब्धियों का आमजन में प्रचार–प्रसार करने और लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली महिलाओं को सम्मानित करेंगी। कार्यक्रम में चिल्ड्रन्स इन्वेस्टमेंट फण्ड फाउंडेशन के प्रमुख क्रिस होन भी मौजूद रहेंगे। विभाग के निदेशक ओपी बुनकर ने बताया कि महिला और बाल विकास मंत्रालय, की ओर से हर साल सितम्बर महीने में 'सुपोषित भारत' की परिकल्पना को साकार करने के लिए राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला तथा बाल विकास की उपलब्धियों को साझा करना है। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं से जुड़ी प्रदेशभर की महिलाएं, किशोरियां और उनके परिवार के सदस्य भी शामिल होंगे।

.................

प्रदेश के पूर्वी जिलों में चल रहा बारिश का दौर अगले तीन–चार दिन तक जारी रहने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के अनुसार आज पूर्वी भागों के साथ ही शेखावाटी क्षेत्र के जिलों, दक्षिणी हिस्सों और चूरू, नागौर और जालौर जिलों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि

.................

इस बीच, प्रदेश के कई जिलों में बारिश का दौर बना हुआ है। पाली के अरावली क्षेत्र के बाली, सादडी, देसूरी और रणकपुर सहित आस–पास के इलाकों में आज सुबह मूसलाधार बारिश हुई। करौली के हिंडौन में अच्छी बारिश के समाचार हैं। सिरोही और आस–पास के क्षेत्र में आज सुबह से फिर बारिश का दौर शुरू हो गया, जिससे नदी नालों में पानी की आवक बनी हुई है। सवाईमाधोपुर जिला मुख्यालय पर सुबह से रिमझिम बरसात का सिलसिला जारी है। भरतपुर में पिछले कुछ दिनों से जारी वर्षा का दौर आज भी बना हुआ है। वहां जलभराव वाले क्षेत्रों में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। पांचना और अजान बांध से पानी की निकासी की जा रही है। लगातार हो रही बारिश से जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इधर, अजमेर में जलभराव वाले क्षेत्रों में जिला प्रशासन पानी निकासी के इंतजामों में जुटा हुआ है। वहां अतिवृष्टि प्रभावित इलाकों में भोजन के पैकेट वितरित कर राहत दी जा रही है।

.................

सवाईमाधोपुर जिले के रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान से एक बार फिर खुशखबरी आई है। बाघिन **टी 125 सिद्धि** तीन नन्हे शावकों के साथ कैमरे में ट्रैप हुई है। बाघिन के साथ शावक देखे जाने के बाद वन्य जीव प्रेमियों और पर्यटन व्यवसायियों में खुशी की लहर है।

.................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 29 तारीख को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी।

.................